# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025



Follow Us On
@Sahelijewellers

FIRST AND BIGGEST
Designer Jewellery Showroom

सहेली ज्वेलर्स
RAIPUR

5 लाख से भी अधिक सम्माननीय परिवारों के विश्वास के लिए
धन्यवाद छत्तीसगढ़

3rd ANNIVERSARY के
शानदार सात दिन

आपके सहयोग और विश्वास से हमारी यह रायपुर शोरूम की यात्रा सम्भव हुई है। आपका स्नेह और उपस्थिति हमारे लिए सम्मान का विषय होगी।

16th से 22nd नवम्बर

सिर्फ 3% मेकिंग चार्ज
16th नवम्बर 7.00 AM TO 09.00 AM
केवल रायपुर शोरूम

सिर्फ 4% मेकिंग चार्ज
16th नवम्बर 9.00 AM TO 12.00 PM
केवल रायपुर शोरूम

फ्लैट 50% OFF
मेकिंग चार्ज
16 नवम्बर, दोपहर 12:01 बजे से
रायपुर और दुर्ग शोरूम

सभी 22 कैरेट गोल्ड, डायमंड एवं पोल्की ज्वेलरी पर

FISHTECH SOLUTIONS PVT. LTD.
CREATIVE HUB ADVERTISING
*T&C Apply

Raipur, Sadar Bazaar +91 9584411144 | Durg, Shree Shivam Mall +91 9244509870

100% HUID हॉलमार्क ज्वेलरी। | 100 % IGI सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी | किसी भी ज्वेलर्स से खरीदी हुई पुरानी गोल्ड ज्वेलरी पर पाएँ 100% वैल्यू | SUNDAY OPEN

# स्कूली विद्यार्थियों ने जानी कानून की बारीकियां, विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी लिया हिस्सा

## विधिक सेवा दिवस पर व्यवहार न्यायालय, भिलाई-3 का सफल आयोजन कुम्हारी के स्कूल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के द्वारा न्याय के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु किए जा रहे प्रयासों से प्रेरित होकर तथा उनके अनुसरण में, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, भिलाई-3 में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर एक विधिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में उदय कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, कुम्हारी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को निशुल्क विधिक सहायता, मोटर यान अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो अधिनियम, एवं अन्य प्रासंगिक कानूनों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से कानून एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अधिकांश प्रश्नों के सही उत्तर देकर अपने विधिक ज्ञान का परिचय दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। क्विज प्रतियोगिता के उपरांत व्यवहार न्यायालय, भिलाई-3 के न्यायाधीश एवं सीनियर अधिवक्तागण द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विधिक प्रावधानों तथा निशुल्क विधिक सहायता के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किन व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग (ड़ीएलएसए) तथा तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण भिलाई-3 द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा सकती है। इस आयोजन को सफल बनाने में सीनियर अधिवक्तागण गणेश शुक्ला, सुधीर त्रिपाठी, आर. पी. सिंह, मनमोहन सिंह तथा न्यायिक कर्मचारी विकास सोनी, अशोक पटेल, कैलाशपति पांडे, रवि रंगारी एवं पुरुषोत्तम का विशेष योगदान रहा। साथ ही उदय कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगणों का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में कानूनी साक्षरता एवं न्याय तक समान पहुँच के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कार्यरत रहेंगे। विधिक सेवा दिवस पर आयोजित यह क्विज प्रतियोगिता छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रही और समाज में न्याय के प्रति जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल करने वाला साबित हुई।

## खबर संक्षेप



### औंधी हाइस्कूल की 33 छात्राओं को मिली साइकिल

**सेलूद**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औंधी में 33 छात्राओं को गुरुवार को सायकिल वितरण किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केवल चंद्राकर, परदेशी राम देशलहरा सरपंच ग्राम पंचायत औंधी, उपसरपंच दीपक चंद्राकर, राजू वर्मा, राम वर्मा, संस्था प्राचार्य उमा कोमरा एवं वडोमेंद्र वर्मा, खुमेश साहू आदि उपस्थित थे।

### ब्राह्मण समाज का दिवाली मिलन समारोह कल

**भिलाई**। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का 16 नवंबर को दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित है। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई नगर का दीपावली मिलन कार्यक्रम दिनांक 16 नवम्बर दिन रविवार को होगा। शाम 4 बजे से समारोह सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में आयोजित किया गया है। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई नगर के अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी एवं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मृदुला शुक्ला ने समस्त विप्र बंधुओं से अनुरोध किया है कि इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह जानकारी राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी ने दी।

### निधन

### सुखीराम कोसरिया



**दुर्ग**। संतरा बाड़ी निवासी सुखीराम कोसरिया 91 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमंत कोसरिया के पिता व सनी, राहुल कोसरिया के दादा थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, इकाई धमधा का आयोजन

# जनजातीय गौरव दिवस पर याद किया बिरसा मुंडा को, बताया जीवन संघर्ष

### प्रदेश मंत्री का पहला कार्यक्रम हुआ नगर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई धमधा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन धमधा महाविद्यालय किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, प्राचार्य, धमधा नगर अध्यक्ष, नगर मंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह अवसर धमधा नगर के लिए विशेष रहा, क्योंकि प्रदेश मंत्री ने पहली बार धमधा नगर के कार्यक्रम में पधारे और विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन संघर्ष, उनके सामाजिक योगदान, तथा जनजाति समाज के उत्थान हेतु किए गए उनके ऐतिहासिक आंदोलन अविस्मरणीय है एवं हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है, भगवान बिरसा मुंडा ने देश के जनजाति समाज को आत्मसम्मान और स्वतंत्रता की भावना से जोड़ा। आज विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षण संस्थानों, करियर एवं सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर चर्चा हुई। नगर अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रति वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाते आई है, पूरे देश में इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती को विशेष योजना बनीं है, जिसके अंतर्गत धमधा नगर में आज संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नगर मंत्री वामन ताम्रकार ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महाविद्यालय के छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे ।

# मतदाता सूची सत्यापन समझाया ग्रामीणों को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ भाजपा दरबार मोख़ली मंडल में एसआईआर को लेकर कार्यशाला संपन्न

भाजपा दरबार मोख़ली मंडल द्वारा मंगलवार को विश्राम गृह में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया। भारत माता के तैलचित्र पर तिलक लगाकर मंडल अध्यक्ष ज्योति प्रकाश साहू ने स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम के मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री दिलीप साहू ने कहा कि एस आई आर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में नामों की शुद्धता, नवीन पंजीकरण, विलोपन, सुधार व स्थानांतरण सुनिश्चित करना है। इस प्रक्रिया में घर-घर जाकर सत्यापन करना, फार्म 6,7,8 के माध्यम से आवेदन, नया नाम जोड़ना, हटाना और सुधार करना है ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने इस पर सरल शब्दों में विस्तार पूर्वक अपने विचार एवं मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री डॉ.सुरेश साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री भागवत सिंहा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व संयुक्त मंडल अध्यक्ष शरद बघेल, जनपद सदस्य रामसुमेर ठाकुर, भास्कर वर्मा, नीलमणि साहू, पारखत सिंह साहू, युवगेंद्र साहू, मुकुंद विश्वकर्मा, आशीष बंछोर खिलेश वासु वर्मा, पुष्कर साहू, अंगेश सिंहा, टुकेश निर्मल, मुकेश साहू, सरस्वती साहू, ज्योति ध्रुव, मंजू साहू, रमेश बंछोर, रामचंद्र वर्मा, देवेंद्र साहू, तेजेंद्र पिपरिया, बी एल देशलहरे, संतोष घिरवानी, गजेंद्र सिंहा, सतेश मेश्राम, वीरेंद्र देवांगन, ठाकुर राम, राजेंद्र कुमार साहू, दानेश्वर, महेंद्र कुमार साहू, संजय यादव, पुष्पराज ठाकुर, आत्माराम साहू, मनेंद्र वैष्णव, महेंद्र यदु, मोहित साहू, नरोत्तम बंजारे, बलभद्र वर्मा, छत्तर सिंह, रमेश साहू, अजय वैष्णव, गुलशन बघेल और धनेश बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### 201 लोगों ने किया रक्तदान सम्मान में मिला हेलमेट



**भिलाई**। सामाजिक जागरुकता के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 201 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी इसमें रही है। सभी रक्तदाताओं को संगीता शाह द्वारा हेलमेट उपहार में दिया। जिससे समाज में सड़क सुरक्षा और जागरूकता का संदेश प्रसारित हो सके। लगातार तीसरे वर्ष सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। स्वास्थ्य टीम ने शिविर के दौरान सभी दाताओं की जांच की और प्रमाणपत्र प्रदान भी दिए गए। संगीता शाह के जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से समाज में मानवता और सेवा की भावना मजबूत हो रही है। इस अवसर पर संगीता शाह ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया है। सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर के सहयोग से एसीसी चौक जामुल में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

### धमधा भाजपा मंडल ने बिहार जीत का जश्न मनाया

धमधा। बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद धमधा भाजपा मंडल के सभी कार्यकर्ताओ ने पटाखे फोड़ एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर धमधा भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट, मंडल मंत्री मनोज साहू, जितेंद्र देवांगन, पार्षद चन्द्रिका प्रसाद, डोमार सोनकर, नरेस साहू, तुलसी पटेल, मोहन पटेल, जितेंद्र साहू, दिलीप गुप्ता, शिला शर्मा, गांधारी कहार, स्वरूप नारायण ताम्रकार, अरुण राजपूत सहित सभी पदाधिकारिगण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को समझा विद्यार्थियों ने, एफएलएन मेला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

शासकीय प्राथमिक शाला घुघुवा (क) में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) मेला का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार राज्य की सभी शालाओं में यह आयोजन हो रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना ग्राम पंचायत घुघुवा (क) सरपंच शैलेंद्री साहू ,एसएमसी अध्यक्ष ओगीराम साहू, पालक समिति अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, गंगाराम साहू, पूनम पांडे, मोतीलाल देवांगन, प्रा.शाला प्रधान पाठक खेलावन सिंह कुर्रे श्रीमति सुषमा परगनिहा, डी एन साहू, अशोक कुमार डे, निमिषा पांडेय, एकता वर्मा, हेमलता वर्मा, दीपिका रानी ठाकुर और पायल निषाद सहित कई पालकगणो की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी संकुल समन्वयक खिलेश कुमार वर्मा ने दी।

### सरपंच सिंगौर ने किया एफएलएन मेला का अवलोकन



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा मे एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। युवा सरपंच रवि सिंगौर ने अवलोकन किया। जिसमें कक्षा 1वी से 5वी बच्चों ने अलग अलग चित्रकला, अंकगणित, वर्णज्ञान, अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष तुलाराम सिंगौर, कामता सिंगौर, नेहरू तुरकाने, कांता सिंगौर सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।




### तहसील साहू संघ पाटन कार्यकारिणी की घोषणा

**पाटन**। तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री लालेश्वर साहू नें साहू सदन पाटन कार्यलय मे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी टीम के नामों की घोषणा की है। इनमें नंदलाल साहू वरिष्ठ संरक्षक पाहन्दा (अ), अश्वनी साहू संरक्षक पतोरा, पुरन लाल साहू वरिष्ठ सलाहकार भनसुली, दिनेश साहू, सलाहकार तेलीगुन्डरा, अशोक साहू सलाहकार भनसूली, मोरध्वज (मोनू) साहू सलाहकार, अमलेश्वर डीह, दिलीप साहू सलाहकार तेलीगुन्डरा, सरजुराम साहू सलाहकार आगेसरा, लालेश्वर साहू अध्यक्ष गातापार, दाऊ दिनेश साहू कार्यकारी अध्यक्ष तेलीगुन्डरा, डुलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष मटंग, विमला साहू उपाध्यक्ष महिला सेलूद, सुरेन्द्र कुमार साहू संगठन सचिव पाहन्दा अ, भुनेश्वरी साहू संगठन सचिव महिला कुम्हली, महेन्द्र कुमार साहू महासचिव करसा, नारद साहू कोषाध्यक्ष धमना, डॉ सुरेश कुमार साहू, प्रचार सचिव बोदल, गीता साहू प्रचार सचिव महिला पतोरा, दिलीप साहू, सह सचिव चीचा, हेमलता साहू, सह सचिव महिला, बिजाभाठा, गंगादीन साहू जिला प्रतिनिधि असोगा, विनोद साहू अंकेक्षक भनसूली, अनिल कुमार साहू, मीडिया प्रभारी पाटन, रविशंकर साहू, संयोजक न्याय प्रकोष्ठ पाहन्दा झा, कल्याण साहू सह संयोजक न्याय प्रकोष्ठ अमलेश्वर डीह, रोहित साहू,सचिव न्याय प्रकोष्ठ, झीठ, डिजेन्द्र कुमार साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ झीठ, मधुकांत साहू, सह संयोजक युवा प्रकोगुजरा, योगेश साहू सचिव युवा प्रकोष्ठ फेकारी, कोमिन साहू संयोजक महिला प्रकोष्ठ आगेसरा, खेमलता साहू सह संयोजक महिला प्रकोष्ठ करसा, कालिन्दी साहू सचिव संयोजक महिला पाटन, छन्नू लाल साहू संयोजक कर्मचारी प्रकोष्ठ गब्दी, बिहारी लाल साहू सचिव कर्मचारी प्रको अरसनारा शामिल है। कार्यक्रम का संचालन तहसील साहू संघ पाटन के महासचिव महेंद्र कुमार साहू ने किया जिला प्रतिनिधि गंगादिन साहू नें आभार व्यक्त किया।

## बिजनेस साइट

### बीएड प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कल शाम 5 बजे तक



**दुर्ग**। छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त बीएड कॉलेज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 16 नवंबर को शाम 5 बजे तक है। बीएम कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बीएड कोर्स संचालित होता है। बीएड प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसलिंग 14 नवंबर से शुरू होकर अंतिम तिथि 16 नवंबर को शाम 5 बजे तक है। बीएड में प्रवेश की प्रक्रिया एससीईआरटी रायपुर के द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से होगी। बीएड में प्रवेश के लिए कॉलेज कोड - 114336 है, संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट 100% रहा है, बीएम कॉलेज की स्थापना वर्ष 2008 में हुई है। संस्था में आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। बीएम प्राइवेट आईटीआई गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड - कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडसट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित होता है। आईटीआई वर्ष 2023 - 24 के परीक्षा परिणाम में ट्रेड स्टेनो हिंदी एवं फायर टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं जिन्हें छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया गया है। विद्यार्थी सुविधा अनुसार फीस किस्तों में भी दे सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दिया।

### हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया बाल दिवस



**भिलाई**। हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग में 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला फूडडिक्शन 2025 का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। शाला की प्रबंधन समिति के मनीष तिवारी डायरेक्टर ऑपरेशन्स, उमाकांत मिश्रा संयुक्त सचिव, बृजमोहन उपाध्याय निर्देशक, दीप्ति तिवारी प्राचार्या ने बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने के साथ उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बाल मेले का आयोजन किया। मेले का शुभारंभ उमाकांत मिश्रा संयुक्त सचिव के द्वारा रिबिन काटकर किया गया। मेले में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने 70 से अधिक स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों को स्वयं बनाकर, उसका विक्रय किया व मनोरंजक खेल के स्टॉल लगाए गए थे। खाद्य पदार्थों में पनीर चिल्ली, आलू चाट, गुपचुप, भेल, दाबेली, पाव भाजी, कप केक इत्यादि तथा खेल में गोल्फ, रिंग, हिट द बॉल, सिक्के, ग्लास के गेम रखे थे, जिसे सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक खेला। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के साथ स्वादिष्ट व्यंजन एवं मनोरंजक खेल का आनंद लिया। अभिभावक अपने बच्चों की प्रतिभा तथा उनके द्वारा संचालित कार्यक्रम से बहुत उत्साहित थे। विद्यालय एक शैक्षिक संस्थान के रूप में एक बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ सामाजिक और भावनात्मक विकास के लिए भी जिम्मेदार हैं। अतः इस अवसर पर 'रामशीला की कुटिया' वृद्धाश्रम, जुनवानी के वरिष्ठ सदस्यों को एवं डायरेक्टर संजय देशमुख को मेले में सम्मिलित कर सम्मानित किया गया। उमाकांत मिश्रा ने कहा मेले के माध्यम से बाल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया गया है। वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान वास्तव में सराहनीय है, जो छात्रों को सामाजिक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील बनाने में मदद करता है। शाला की प्राचार्या दीप्ति तिवारी, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर हरबिंदर कौर संधु, वेदप्रकाश बाजपेई एवं समस्त शिक्षकों के प्रयासों से यह बाल मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


## श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आशीष नगर में जारी

# रावण हमारा मन है, इसे मारना जरूरी तभी स्थापित होगा राम राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आशीष नगर (पश्चिम ) सडक नं. 23 रिसाली में जारी है। साहू परिवार के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचनकर्ता संत निरंजन महाराज भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा कि भागवत महापुराण की कथा के माध्यम से मानव जीवन मे प्रवृति का चिंतन करना है, कथा जीवन की व्यथा को मिटाने की संजीवनी है, इसका श्रवण जीवन को सत्य पथ में आरुढ़ करने हेतु आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी में रावण का पुतला जला देने मात्र से राम राज्य की कल्पना साकार नही हो सकती अपने मन रूपी रावण पर विजय प्राप्त करने से ही सही अर्थ में विजयादशमी का पर्व जीवन मे उपस्थित होगा। श्रीमद्भागवत कथा में राम चरित्र, श्री कृष्ण जन्म, बाल लीला माखन चोरी लीला की कथा पर आध्यात्मिक विवेचन करते हुए संत श्री जी ने आगे कहा कलिकाल में राम का नाम ही सहारा है संसार सागर से मुक्ति प्राप्ति के लिए। संत श्री जी ने कलिकाल में भ्रूण हत्या रूपी महापाप करने और करवाने वेस्ले दोनो को कंस की संज्ञा देते हुए कहा कि कंस देवकी के 6 पुत्रों का वध जन्मोपरांत किया लेकिन आज के कंस रूपी दानव गर्भ में ही बच्चो को मार रहे है, और इसका मुख्य कारण समाज मे व्यापित कुरुति बेटा और बेटी में अंतर करना है।आज लोगो की मानसिकता बनी हुई है कि बेटा वंश को चलाता है नाम रोशन करता है लेकिन ये लोगो के अंदर की अज्ञानता है क्योंकि बेटा केवल एक ही वंश के नाम को रोशन करता है लेकिन बेटियां तो दो दो कुल को सम्मान दिलाती है ,बेटियों के कंधे पर दो कुलो के सम्मान की रक्षा का भार होता है इसलिए समाज मे फैली इस कुरीतिको मिटाना है और बेटियों को भी बेटो के जितना समान अधिकार देकर इस भ्रूण हत्या के महापाप को रोकना है इसके लिए सभी को एक होकर आगे आना होगा तभी ये पाप भारत की धरा पर मिट सकती है। मन रूपी माखन का भोग लगाएं प्रभु को प्रभु प्रेम पूर्वक उसे ग्रहण करते है। उक्त जानकारी आयोजक हरिशंकर साहू, गायत्री साहू, आशीष साहू और नीलम साहू ने दी।













**आज से धान खरीदी : खरीदी की जिम्मेदारी जिन्हें सौंपी उन्हें कोई अनुभव नहीं, हड़ताली पदाधिकारी बर्खास्त**

# जिले की 52 समितियों में एक भी किसानों का नहीं कटा टोकन, उपार्जन केंद्रों में लटक रहा ताला

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

प्रदेश सरकार 15 नवंबर से धान खरीदी का ऐलान किया है लेकिन सहकारी समितियों के प्रबंधक और कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। मौजूदास्थिति की वजह से जिले के उपार्जन केंद्रों में ताला लटक रहा है। प्रशासन ने समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों को समिति की जिम्मेदारी सौंपी है लेकिन इनके पास कंप्यूटर चलाने के लिए कर्मचारी ही नहीं है। इसलिए ज्यादातर समितियों में किसानों को शुक्रवार को भी टोकन नहीं दिया जा सका। बिना टोकन के किसान धान बेच नहीं पाएंगे। जिले में 102 धान उपार्जन केंद्र के माध्यम से 663259 मिट्रिक टन धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है। जिसके लिए 1 लाख 12 हजार 446 किसानों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। इधर शासन ने हड़ताली पदाधिकारियों को बर्खास्तगी का नोटिस थमा दिया है।

**लाइव रिपोर्ट : धान उपार्जन केंद्रों तक हरिभूमि की टीम पहुंची**

### धान खरीदी केंद्र सांकरा



इस धान खरीदी केंद्र में जिला केंद्रीय सहकारी मर्यादित बैंक का व्यक्ति समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वे यहां अकेले दफ्तर में बैठे मिले। यहां के पांच कर्मचारी हैं जो हड़ताल पर हैं। इसलिए यहां एक भी किसानों को टोकन नहीं दिया जा सका है। मोतीपुर, खम्हरिया, सांकरा, भोथली, मगरघटा गांव के किसान यहां धान बेचने के लिए आएंगे। यहां 851 किसानों का धान खरीदी होना है। धान खरीदी के लिए 40 हजार बारदाने का स्टॉक किया गया है।

### धान खरीदी केंद्र औंधी



इस धान खरीदी केंद्र में कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। दफ्तर खुला था और कंप्यूटर यूं ही पड़े हुए थे। यहां भी एक भी किसान को टोकन नहीं मिला। समिति प्रबंधक सहित पांच कर्मचारी हड़ताल पर हैं। सिरसा, नारधी, औंधी, औंरी, पचपेड़ी, देवबेलौदा गांव के किसान यहां धान बेचने के लिए आते हैं। धान खरीदी के लिए 49 हजार बारदाने का इंतजाम किया गया है। इलेक्ट्रानिक तौल का सत्यापन भी कर रखा हुआ है।



### उपार्जन केंद्र उतई में लटका ताला

उतई उपार्जन केंद्र में ताला लटका मिला। यहां न साफ- सफाई दिखी और न ही कोई तैयारी। इस उपार्जन केंद्र में उतई, उमरपोटी, खोपली, डुंडेरा और डुमरडीह गांव के किसानों की धान खरीदी की जाएगी। यहां समिति प्रबंधक सहित पूरे कर्मचारी हड़ताल पर हैं। केवल एक किसान का यहां टोकन दिया गया है। इस केंद्र के माध्यम से 1750 किसानों की धान खरीदी इस सीजन में करना है।

### 52 समितियों के किसानों को नहीं मिला टोकन

दुर्ग जिले में 87 प्राथमिक सहकारी साख समितियां हैं जिसमें से केवल 35 समितियों में ही धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन दे पाए। यहां केवल 116 किसान अपनी उपज पहले दिन धान खरीदी केंद्रों में ले जाकर बेच सकेंगे। उतई, सांकरा, बोरीगारका, औंधी सहित शेष 52 समितियां ऐसी है जहां समिति प्रबंधक और सहकारी समिति के अनिश्चतकालीन हड़ताल की वजह से एक भी टोकन ही नहीं कट पाया। इसलिए यहां धान खरीदी को लेकर संशय के हालात हैं।

### उपार्जन केंद्रों में धरी की धरी रह गई है तैयारी

जिला प्रशासन ने हड़ताल के मद्देनजर प्राधिकृत अधिकारी, राजस्व विभाग, कृषि विभाग सहित दीगर विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त बारदाने पहुंच गए हैं। चबूतरों की साफ-सफाई भी हो चुकी है। इलेक्ट्रानिक तौल का सत्यापन भी करवा लिया गया है। दीगर विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन उन्हे धान खरीदी का तौर-तरीका ही नहीं पता है। ऐसे में धान खरीदी की तैयारी धरी की धरी रह गई है।

### " टोकन दे रहे

जिले में धान खरीदी 15 नवंबर से ही शुरू होगी। किसानों को समिति के माध्यम से ऑनलाइन टोकन कांटकर भिजवा रहे हैं। जिले के 87 समितियों में से 35 समितियों द्वारा 116 किसानों को टोकन जारी किया गया है। पहले दिन 6667 क्विंटल धान खरीदी इन किसानों से कर ली जाएगी। **-हृदेश शर्मा**, प्रभारी सीईओ, जिला केंद्रीय सहकारी मर्यादित बैंक

# 193 उद्योगों ने नहीं जमा किया निर्यात कर, 42 करोड़ का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ भिलाई निगम ने शुरू की सख्ती, लंबे समय से लंबित है मामला

भिलाई निगम ने निगम क्षेत्र में राजस्व संग्रहण को बढ़ाने के उद्देश्य से निर्यात कर जमा नहीं करने वाले बकायादार उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 527 उद्योग निर्यात कर के दायरे में आते हैं। इन उद्योगों से नियमानुसार कर वसूली सुनिश्चित करने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जारी कार्रवाई के तहत, निर्यात कर जमा नहीं करने वाले कुल 193 इंडस्ट्रीज को छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया गया है। धारा 173 के तहत 131 उद्योगों को प्रथम चरण का नोटिस दिया गया है। धारा 174 के तहत 62 इंडस्ट्रीज को नोटिस जारी किया गया है।

### 42 करोड़ रुपए जमा नहीं किए उद्योगों ने

निगम के मुताबिक 193 इंडस्ट्रीज पर निर्यात कर के रूप में लगभग 42 करोड़ (बयालीस करोड़ रुपये) की राशि जमा कराया जाना शेष है, जिसके लिए नोटिस जारी किए गए हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शेष बकायादार उद्योगों को भी नोटिस देने की कार्रवाई निरंतर जारी है और कर जमा न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बीएसपी, सिंप्लेक्स इंडस्ट्रीज सहित ये उद्योग दे रहे हैं निर्यात कर

निगम ने उन उद्योगों की सराहना की है जो नियमित रूप से निर्यात कर जमा कर निगम के राजस्व में सहयोग कर रहे हैं। वर्तमान में 14 इंडस्ट्रीज प्रतिवर्ष निर्यात कर के रूप में 3.49 करोड़ की राशि जमा करते हैं। इनमें मुख्य रूप से भिलाई इस्पात संयंत्र, सिंपलेक्स इंडस्ट्रीज, सिस्कोल इंडस्ट्रीज, अतुल ऑक्सीजन इंडस्ट्रीज, विश्व विशाल इंडस्ट्रीज एवं अन्य उद्योग शामिल हैं। नगर पालिक निगम भिलाई सभी बकायादार उद्योगों से अपील करता है कि वे कानूनी कार्रवाई और विलंब शुल्क से बचने के लिए तत्काल प्रभाव से अपनी निर्यात कर की बकाया राशि निगम कोष में जमा कराएं और एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

### सीमा कर का भुगतान करना अनिवार्य

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार सीमा कर के प्रभारी अधिकारी अनिल मेश्राम व उनकी टीम द्वारा विभिन्न उद्योग कारखानो का निरीक्षण कर उद्योग संचालको को नगर पालिक निगम भिलाई मे सीमा कर का भुगतान किये जाने हेतु सूचित किया जा रहा है। इस हेतु उन्हे पूर्व मे नोटिस जारी किये जा चुके हैं। आयुक्त राजीव पांडेय ने कहा कि उद्योग व व्यापार सामग्री निर्यात करने वाले सभी उद्योगपतियों व व्यापारियों को सीमा कर जमा करना अनिवार्य है।

**खबर संक्षेप**

### सामान्य सभा की बैठक 20 नवंबर को

**दुर्ग।** जिपं की सामान्य सभा की बैठक 20 नवंबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में अपरान्ह 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में आदिवासी विकास विभाग, वन विभाग, पर्यावरण विभाग, खाद्य विभाग, उद्यानिकी विभाग के कार्यों तथा धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर को विशेष ग्राम सभा आयोजन का किया जाएगा। सभी जनपद पंचायतों के ग्रामों में विशेष ग्रामसभा आयोजित कर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

# नींव खोदने के दौरान दीवार ढही, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मकान के लिए नींव खोदने के दौरान दीवार गिरने पर दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक धमधा से 12 किलोमीटर दूर हीरेतरा ग्राम में नए मकान का नीव खोदने का काम चल रहा था। यहां ग्राम पेंडवन धमधा निवासी ईश्वरी गायकवाड और नमूलाल दोनों काम कर रहे थे। अचानक दीवार गिरने से मौके पर नमूलाल की मौत हो गई। वहीं ईश्वरी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के दौरान ईश्वरी ने दम तोड़ दिया। घटना में दोनों की मौत हो गई। शव को पीएम के लिए मरचुरी भेज दिया गया है। गांव के गुरुदेव नामक डॉक्टर के यहां मकान निर्माण का काम चल रहा है। यहां चार मजदूर काम कर रहे थे। घटना में दो की मौत हो गई है। दो का अब भी अस्पताल में उपचार जारी है। दीवार गिरने की सूचना पर भी मकान मालिक नहीं पहुंचा था। परिजनों के मुताबिक मकान निर्माण में सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण ही इस तरह की घटना हुई है। धमधा पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जांच में लिया है। परिजनों का आरोप है कि मकान निर्म्ण करते समय सुरक्षा व्यवस्था नहीं था। इसके अलावा उपचार के लिए जब मरीजों के उपचार के लिए भेजा गया। तब बेहतर इलाज नहीं करने से ईश्वरी की मौत हुई है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मकान में मजदूरी कर रहे थे। नींव कोदने के दौरान पुरानी दीवार मजदूर के ऊपर गिर गई। जिससे एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा अस्पताल में दम तोड़ दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# सुरक्षा में लापरवाही बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**भट्ठी पुलिस ने किया अपराध कायम**

ठेका श्रमिक के काम के दौरान हादसे में बुरी तरह जल गया था। जिसके कारण श्रमिक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बीएसपी प्रबंधन की सुरक्षा में लापरवाही मानते हुए घटना को बड़ी चूक माना है। पुलिस ने प्रबंधन के खिलाफ धारा 285, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर कैम्प 1 निवासी रंजीत सिंह ठेका कंपनी मेसर्स मारुति कंस्ट्रक्शन में एसएमएस 2 में कंटिनुअस कॉस्टिंग शॉप कॉस्टर 6 में श्रमिक के रुप में कार्यरत था। प्लांट के भीतर 25 अप्रैल 2025 की दोपहर 3.30 बजे श्रमिक रंजीत सिंह इक्विपमेंट कूलिंग पाइपलाइन बदलने के लिए पाइप शिफ्टिंग का काम कर रहा था। इस दौरान ज्वलनशील पदार्थ में अचानक आग लग गई। इस आग की चपेट में रंजित समेत अन्य तीन श्रमिक राजू तांडी, रमेश मौर्य और अमित सिंह भी आ गए। सभी घायलों को मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। जहां से सेक्टर 9 अस्पताल रेफर किया गया था। जहां अस्पताल पहुंचने पर मजिस्ट्रेट ने झुलसे श्रमिकों के मरणासन कथन दर्ज कराया गया। डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक रंजीत सिंह सौ प्रतिशत जल गया था। लगातार उपचार के बावजूद रंजीत की हालत बिगड़ती चली गई। उसके बाद अस्पताल में रंजीत ने दम तोड़ दिया। बहरहाल भठ्ठी थाना पुलिस मामले में जांच शुरू कर दी है।




### संपत्ति कर जमा नहीं कराने वालों पर कार्रवाई

**दुर्ग।** राजस्व वसूली को लेकर दुर्ग निगम ने अभियान शुरू किया है। संपत्ति कर नहीं जमा करने वालों के नल कनेक्शन काटे जा रहे हैं। शुक्रवार को वार्ड 38 से नल कनेक्शन विच्छेदन के दबाव में कार्यवाही के आधार पर 1,68,000 रूपये नगद निगम कोष में जमा कराया गया। इसके अलावा चंपा सोनी ने 16428, दुर्गा देवी ने 44471, संजय अग्रवाल ने 41678 रुपए जमा कराया। 3 दिन में कार्रवाई कर 2,73,857 रुपए टैक्स वसूला गया। बटुक प्रसाद, कृति कोठारी, बिरझा बाई बिष्णु प्रसाद, विनोद कुमार, रंजन कोठारी पर भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा प्यारेलाल साहू, कृष्णा उइके, दीपचंद, युवराज शर्मा, मन्नान खान, वारिस खान से टैक्स जमा लिया गया। आयुक्त सुमित अग्रवाल निर्देश पर कार्रवाई की गई।



हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



## लाइव इवेंट

# हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पब्लिकेशन मुफ्त इस्तेमाल कर पाएंगे एमबीए छात्र



**भिलाई।** शुक्रवार को रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के बीच दो अहम एमओयू किए गए। पहले एमओयू के तहत अब छत्तीसगढ़ के एमबीए और बीबीए छात्र हार्वर्ड द्वारा की गई केस स्टडी का इस्तेमाल कर पाएंगे। उन्हें हार्वर्ड केस स्टडी के रेफरेंस और इससे जुड़े तथ्यों के उपयोग करने की छूट होगी। पहले तक हार्वर्ड केस स्टडी और रिसर्च जर्नल्स रिसट्रिक्टेड होते थे, जिसे मोटी रकम चुकाकर एक्सेस की अनुमति मिलती थी। एचबीएस के साथ हुए इस प्रतिष्ठित एमओयू से छात्रों और फैकल्टी को कई वैश्विक लाभ मिलेंगे। छात्रों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बिजनेस केस स्टडीज, रिसर्च मॉडल्स और लीडरशिप ट्रेनिंग तक सीधी पहुंच मिल सकेगी। एचबीएस की टीम समय-समय पर ऑनलाइन और ऑफलाइन एक्सपर्ट सेशन, वर्कशॉप और लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम्स आयोजित करेगी। इससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय बिजनेस ट्रेंड्स, इनोवेशन, स्टार्टअप मैनेजमेंट और ग्लोबल मार्केट स्ट्रेटेजी की समझ मिलेगी। दोनों एमओयू पर रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा और कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी के साथ हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टिन मेनंद ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान यांगपु यूनिवर्सिटी पार्टनर्स के सीईओ समीर करखानिस भी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ के लिए रूंगटा यूनिवर्सिटी पहला संस्था है जो अपने एमबीए स्टूडेंट्स को हार्वर्ड का कोर्स पढ़ा रहा है। बीबीए के साथ बीकॉम और एमकॉम स्टूडेंट्स को भी इससे फायदा होगा। स्टूडेंट्स को बिजनेस एनालिटिक्स, इकोनॉमिक्स फॉर मैनेजर्स, आंत्रप्रेन्योरशिप इसेंशियल्स, फाइनैंशियल अकाउंटिंग एंड सस्टेनेबल बिजनेस स्ट्रेटजी जैसे सैकड़ों विषयों में दक्ष बनाया जाएगा।

## सिटी इवेंट

# छात्रा विश्वेशा हरमुख ने गोल्ड मेडल हासिल कर छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान



**दुर्ग ।** उड़ीसा के कटक शहर स्थित श्रीश्री रविशंकर यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह श्रीश्री रविशंकर के सानिध्य में संपन्न हुआ। जिसमें आर्किटेक्चर डिपार्टमेंट के इंटीरियर डिजाइन कोर्स में दुर्ग जिले के ग्राम कोलिहापुरी निवासी छात्रा विश्वेशा हरमुख ने स्वर्ण पदक हासिल कर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है। साथ ही रजत पदक भी छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर से श्रेया मित्तल ने हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। कांस्य पदक भुवनेश्वर की सुनयना पुजारी को मिला। बता दें कि स्वर्ण पदक प्राप्त छात्रा विश्वेशा हरमुख कोलिहापुरी निवासी एवं कांग्रेस नेता केशव बंटी हरमुख की सुपुत्री है। विश्वेशा हरमुख ने अपने विषय में पूरे विश्वविद्यालय में टॉप कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि हासिल करने में शिक्षिका सुप्रीति दास, रुपाली शाह, शिक्षक बिभूप्रकास शाह, देबाशीष दास व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का विश्वेशा हरमुख को मार्गदर्शन मिला। छात्रा विश्वेशा हरमुख के अलावा अन्य सफल छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू , जिपं सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, मेयर रिसाली शशि सिन्हा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयंत देशमुख आदि ने उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना की है।

- श्रीश्री रविशंकर यूनिवर्सिटी कटक के दीक्षांत समारोह में मिला सम्मान

# संत ज्ञानेश्वरी माउली संजीवनी समाधि समारोह आज से



**भिलाई।** संत ज्ञानेश्वर माऊली संजीवनी समाधि समारोह का आयोजन संत सेवा समिति द्वारा विजय श्रावण माहुरकर निवास सेक्टर-1 में आयोजित है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत सेवा समिति भिलाई एवं नागपुर के सहयोग से संत ज्ञानेश्वर माऊली पुण्यतिथि महोत्सव और सहजानंद महाराज पुण्यतिथि मनाई जाएगी। भिलाई नगर व समीपस्थ ग्रामों में निवासरत भक्तजनों से अनुरोध है कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अवश्य पधारें। सत्संग का लाभ उठाएं। 15 तारीख शनिवार को शाम 6 बजे भजन संध्या के रूप कार्यक्रम का प्रारम्भ होगा। 16 तारीख को पूजन कार्य एवं पंचपदी भजन हरिपाठ कीर्तन तुकाराम निकम महाराज मुम्बई द्वारा भक्तिमय प्रस्तुति दी जाएगी। सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 6 बजे तक निरंतर जारी रहेगा। 17 तारीख को सुबह 9 बजे से पंचपदी भजन एवं 10 बजे से 1 बजे तक समाधी समारोह कीर्तन तुकाराम निकम महाराज मुम्बई द्वारा और उसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसी दिन संध्या 6 बजे से पालकी शोभा यात्रा निकाली जायेगी फेरा करते हुए अंतिम समाप्ति 9 बजे होगी। 18 तारीख को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक गोपालकाला के साथ-साथ गुरुवर्य सहजानंद, नागपुर पुण्यतिथि हेतु कीर्तन संतोष महाराज राठौड़ मुंबई द्वारा किया जाएगा। रात 8 बजे से प्रक्षांल पूजा होगी।

● पॉवर स्पोर्ट्स फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ का आगाज, 16 नवंबर तक चलेगी प्रतियोगिता

# पंजा कुश्ती में महिलाओं ने दिखाया दम, आज पॉवर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग में बहाएंगे पसीना, प्रदेश के 400 खिलाड़ियों से ज्यादा ले रहे भाग

**पॉवर जिम सेक्टर-6 में पॉवर स्पोर्ट्स फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। यह स्पर्धा 16 नवंबर तक चलेगी जिसमें पंजा कुश्ति, पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग की स्पर्धाएं होंगी। प्रतियोगिता में शामिल होने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से 400 खिलाड़ी व ऑफिशियल भिलाई पहुंचे हुए हैं। विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को पंजा कुश्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पॉवर स्पोर्टस महोत्सव के प्रथम दिन सब जूनियर, जूनियर, यूथ, सीनियर, महिला वर्ग के विभिन्न ग्रुप में स्पर्धाएं हुई। जूनियर एवं सब जूनियर ग्रुप के चैंपियन पंकज प्रजापति बने। यूथ एवं सीनियर ग्रुप में राष्ट्रीय खिलाड़ी तिलक बेहरा चैंपियन ऑफ चैंपियन बने। वहीं महिला वर्ग में डी कुमारी चैंपियन ऑफ चैंपियन रहे। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।**

**भिलाई।** प्रतियोगिता का शुभारंभ छत्तीसगढ़ पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष जी सुरेश बाबे ने किया। इस अवसर पर महासचिव श्रीकांत, कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा साहू, डॉ. पीयूष प्रकाश शर्मा, श्रवण चौहान, दीपा अर्जुन, परलीन कौर, उमा महेश्वरी, नीतू आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के दौरान पुरुषों के अलावा महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई। आयोजकों ने बताया कि 16 नवंबर तक आयोजित होने वाली अलग-अलग कैटेगरी की इस स्पर्धा में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से प्रतिभागी पहुंचे हैं। मुख्य रूप से दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, जगदलपुर, दंतेवाड़ा सहित अन्य जगहों पर खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। उनके रहने और खाने-पीने के इंतजाम किए गए हैं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शुक्रवार को पंजा कुश्ती खिलाड़ियों बालक, बालिका, पुरुष, महिला की प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य रूप से वजन वर्ग 53, 59, 66, 74 के प्रतिभागियों ने अपना दम दिखाया। 15 नवंबर को सुबह 8 से वजन वर्ग 83,93,105,120 और 120 किलोग्राम से ज्यादा की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। साथ ही विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरित किया जाएगा। 16 नवंबर को सुबह 9 से बजे से महिला खिलाड़ियों के सभी वर्गों की प्रतियोगिता एवं विकलांग वर्ग के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता की जाएगी। साथ ही विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया जाएगा। शाम 4 बजे से बॉडी बिल्डिंग एवं मेंस फिजिक एवं डिसेबल वर्ग की प्रतियोगिता वजन वर्ग संध्या 4 बजे से एवं प्रतियोगिता 6 बजे से आयोजित की जाएगी।






## सेक्टर-2 में सांसद खेल महोत्सव के तहत कबड्डी प्रतियोगिता

सेक्टर-2 स्थित भिलाई विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को बालिकाओं ने अलग-अलग ग्रुप में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। सरकारी और प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। बता दें कि प्रतियोगिता स्कूल, ब्लॉक और जिला स्तर पर आयोजित की जानी है। चयनित खिलाड़ियों को आगामी दिनों में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन अलग-अलग स्तर पर किया जा रहा है। विजेताओं को पुरस्कृत किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन और खेल प्रतिभाओं के निखारने के लिए इस प्रकार का आयोजन किया गया है, जिसके अंतर्गत अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।



# अनेकता में एकता थीम पर रंगारंग प्रस्तुति, छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकंडरी स्कूल रिसाली ने 37 वां वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गजेंद्र यादव थे विशेष रूप से उपकुलपति डॉ. मोनिका शर्मा केके मोदी विश्वविद्यालय थीं। संस्था के प्रबंधक सजीव सुधाकरन ने स्वागत भाषण दिया। विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी ने विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान विद्यार्थियों और शैक्षणिक उपलब्धियों में अग्रणी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को फाउंडर प्रेसिडेंट छात्रवृत्ति और आर्थिक रूप से कमजोर और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्व. गंगाधरन और स्व. भास्करन कुल 12 छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। वार्षिक पत्रिका मैत्री का विमोचन किया गया। गजेंद्र यादव ने कहा कि विद्यार्थी ना केवल अंक लाने के लिये पढ़ाई करें, बल्कि शैक्षणिक, बौद्धिक, शारीरिक और अन्य गतिविधियों का सोशल साइट्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करें। रंगारंग प्रस्तुति का आग़ाज़ ज़िन्दगी जिंदादिली उत्साहवर्धक समूह गीत से हुआ। प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों ने परिवार की महत्ता और काल्पनिक दुनिया पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया। प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदूषण और शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए आकर्षक नृत्य, माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने शिव वंदना और छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों ने नारी शक्ति और विविधता में एकता पर धमाकेदार नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्षा राजम सुधाकरण, एस सजीव, एस साजन, प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी, डॉ. बीना सजीव, निशी साजन, अंबाली, प्राचार्या डॉ. सुरेखा पाटिल, श्रीलता धावला, किरण टाटिया, प्राची साहू, अनिर्बान मुखर्जी, जया साहू आदि मौजूद थे।

# सीएसवीटीयू में क्रिकेट प्रतियोगिता, पहले दिन आरएसआर व पॉलीटेक्निक कॉलेज ने जीता मैच



- सीएसवीटीयू राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रविशंकर स्टेडियम में आगाज, 28 टीमें ले रही भाग

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत सीएसवीटीयू एकीकृत राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविशंकर स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर महेश नायडू, सलाहकार सदस्य, रेलवे परामर्श समिति दुर्ग रहे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने की। विशिष्ट अतिथि सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष, डीडीसीए दुर्ग थे। महेश नायडू ने कहा क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क का मजबूत आधार है। सीएसवीटीयू द्वारा इतने बड़े स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित करना छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सुरेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में क्रिकेट प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस तरह की प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती हैं। डीडीसीए सदैव ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा। पहला मुकाबला आरएसआर आर 2 भिलाई ने सीएसआईटी दुर्ग को 22 रनों से हराया। आरएसआर आर 2 ने 22 रनों से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में दुर्ग पॉलिटेक्निक 34 रनों से विजयी रहा। प्रतियोगिता में कुल 28 पुरुष टीमें भाग ले रही हैं। महिला टीमों को लेकर ट्रायल जल्द शुरू होना है। प्रतियोगिता में इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक और फार्मेसी संस्थानों की कुल 28 पुरुष टीमों द्वारा हिस्सा लिया जा रहा है। पहले दिन के खेल के दौरान कोंडल राव, केपी यादव, डॉ. मनोज तिवारी, प्रदीप राजपूत, भरत सोनी, एवन देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## बाल दिवस पर डीपीएस जुनवानी में रचनात्मकता और खेल भावना को प्रदर्शित करने समारोह का आयोजन

# स्टूडेंट्स में आत्मविश्वास, सकारात्मक भाव विकसित करने हुईं खेल स्पर्धाएं, मिला सम्मान



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल जुनवानी में बाल दिवस पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं के साथ एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और सकारात्मक खेलभावना को प्रोत्साहित करना रहा। समारोह की शुरुआत विद्यालय की निदेशिका पुनीता नेहरू द्वारा प्रार्थना से हुई। इसके बाद आकांक्षा डेविड ने सुविचार और स्वीटी विश्वकर्मा ने मुख्य समाचार प्रस्तुत किए। शिखा वर्गीस के प्रेरणादायक संबोधन ने पूरे वातावरण में उत्साह का संचार किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत मधुर गीत, वाद्य यंत्र वादन और लोकनृत्य ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के के बाद शिक्षक 11 बनाम छात्र 11 क्रिकेट मुकाबले में छात्र टीम ने जीत दर्ज की। शिक्षिका 11 बनाम छात्रा 11 मैच में छात्रा टीम विजयी रही।



### बाल दिवस पर स्कूल व कॉलेजों में कार्यक्रमों का आयोजन

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस पर 14 नवंबर को स्कूल और कॉलेजों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुक्रवार के दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। सरकारी स्कूलों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कुछ जगहों पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में बाल दिवस के महत्व को रेखांकित किया गया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### विजेताओं को मिला पुरस्कार छात्रों का बढ़ा आत्मविश्वास

समापन सत्र में सीनियर मास्टर रमेश चंद्र द्विवेदी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास रचनात्मकता और खेल भावना को बढ़ावा देते हैं। हमारे बच्चों का उत्साह ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन रहनुमा बानो ने किया तथा क्रिकेट मैच का आयो देखा विवरण भारत भूषण गिरि और पंकज सोनी ने प्रस्तुत किया।



सिटी इवेंट

# आनंद मेला से सामानों की खरीदी-बिक्री का कौशल होता है विकसित



**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय में युवा उत्सव के अंतर्गत आनंद मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मेयर अलका बाघमार मौजूद थीं। विशेष रूप से जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी, सचिव दिलीप इंगले, सदस्य अनिल सुराना, वीरेन्द्र शुक्ला एवं शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अलका बाघमार ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने कौशल का प्रदर्शन इस प्रकार के आनंद मेला में करें। प्रवीण चंद्र तिवारी ने कहा कि आनंद मेला के माध्यम से छात्रों में प्रबंध, वित्तीय, क्रय-विक्रय कौशल विकसित होगा। उन्होंने महापौर से निवेदन किया कि दुर्ग शहर को इंदौर के जैसा साफ-सुथरा शहर जैसा बनाने के लिए योजनाएं बनायें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। अतिथियों ने छात्रों द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया एवं उनकी सराहना की। आनंद मेला में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों एवं गेम के लगभग 35 स्टॉल लगाये गये। यह आनंद मेला का आयोजन छात्रों में कौशल विकास के लिए आयोजित किया गया।

- सुराना कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार हुईं शामिल

गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन

# ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज और पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग और कार्टूनिंग में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज एवं पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिताएं हुईं। पहले दिन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं की कला की ऐसी गतिविधि करने में और बढ़-चढ़ कर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

दूसरे दिन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने अलग-अलग महाविद्यालय से आए प्रतिभागियों की कला क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग का अवलोकन किया एवं सराहना की। ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में कुल 17 महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। कोलाज मेकिंग में 10 महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने, पोस्टर मेकिंग में 21, क्ले मॉडलिंग में 6. कार्टूनिंग में 9 छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। ऑन द स्पॉट पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विषय राष्ट्रीय गीत वन्देमारतम् की केन्द्रीय भावना पर प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट चित्र बनाए एवं कोलाज मेकिंग में प्रकृति विषय पर अपनी भावनाओं को पेपर कटिंग्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में मेहनतकश मजदूर विषय पर बहुत ही कलात्मक एवं जीवंत मिट्टी की कलाकृक्तियों का निर्माण किया, जिसे महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा अत्यंत सराहना मिली। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में मद्यपान के प्रभाव विषय पर प्रतिभागियों ने सुन्दर कार्टून चित्रित किये जो विषयानुकूल और प्रभावोत्पादक थे।





## निर्णायक डीपीएस के मोहनलाल बराल व संजय देव रहे शामिल

आयोजित प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में विश्वविद्यालय से आरके चौहान उपस्थित थे। निर्णायक के रूप में मोहन लाल बराल डीपीएस जुनवानी एवं संजय कुमार देव देव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मिलिन्द अमृतफले, विभागाध्यक्ष संगीत विभाग के निर्देशानुसार तृप्ति खरे-अतिथि शिक्षण सहायक, मूर्तिकला विभाग एवं रोशनी साहू-अतिथि शिक्षण सहायक, चित्रकला विभाग ने सफलता पूर्वक प्रतियोगिता का आयोजन किया तथा दीपक ठाकुर, सृष्टि मन्ना, प्रियंका बारला, रश्मि नवरंगे ने बहुत महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर अतिथियों में आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



## स्टूडेंट्स को मंच प्रदान करने किया गया आयोजन

कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि युवा उत्सव का आयोजन स्टूडेंट्स को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक गीत, नृत्य, खेल और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का मजा लोग ले सकेंगे। विशेष अवसर एवं मंच देने, खेल प्रतिभा निखारने, सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने, उनकी प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से यह उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी संस्कृति को उजागर करने पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी व्यंजन पर आधारित फूड फेस्टिवल प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर, पारंपरिक एवं आदिवासी शैली से संबंधित विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

धर्म लाइव

# शोध व नवाचार में डॉ. मोनिका और डॉ. आर्य के योगदान को मिली सराहना





**भिलाई।** भोपालराव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज धमतरी में तकनीकी नवाचार और रोजगारोन्मुख शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके लिए मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग को डॉ. मोनिका आर्य एवं डॉ. अजय आर्य ने व्यावहारिक शिक्षण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के उद्देश्य से अपनी नैनो कार को अनुसंधानात्मक प्रयोग के लिए संस्था के छात्रों के लिए उपलब्ध कराने की मंशा जाहिर की है। इस पहल के तहत वाहन के पेट्रोल फोर स्ट्रोक इंजन को अलग निकालकर लेबोरेटरी प्रैक्टिकल अध्ययन हेतु प्रयोग किया जाएगा । वहीं, उसकी बॉडी और चेसिस का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन रूपांतरण के प्रायोगिक अध्ययन में किया जाएगा।

यह पहल विद्यार्थियों को पारंपरिक इंजन तकनीक और उभरती इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक दोनों के तुलनात्मक और व्यावहारिक अनुभव का अवसर प्रदान करेगी। डॉ. अजय आर्य एक संस्कृत शिक्षक होने के साथ-साथ समाज सेवा, शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना के क्षेत्र में सक्रिय और प्रेरक व्यक्तित्व हैं। वहीं प्रो. डॉ. मोनिका आर्य कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में कार्यरत हैं। इस परियोजना से मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिक वाहन रूपांतरण तकनीक का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही यह पहल प्रदेश के अन्य तकनीकी संस्थानों के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में उभरेगी।

- मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिक वाहन रूपांतरण तकनीक का मिलेगा प्रशिक्षण

सेक्टर-6 में आर्य समाज का सत्संग

# सेवा, सुधार और संस्कार से ही आर्यत्व का विस्तार

**भिलाई।** आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई में सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृण्वन्तो विश्वमार्यम का अर्थ बताया गया। जानकारी दी गई कि हम विश्व को आर्य बनाएं, अर्थात श्रेष्ठता, सत्य और सेवा के पथ पर आगे बढ़ाएं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी का संदेश था कि अपने व्यक्तित्व का परिष्कार किए बिना समाज का परिष्कार संभव नहीं। जो स्वयं को सुधार लेता है, वही समाज को संवार लेता है।

जो सेवा में भाव रखता है, वही जीवन का अर्थ समझता है। स्वामी दयानंद ने लिखा है - मनुष्य को सामाजिक सर्वहितकारी नियमों में परतंत्र रहना चाहिए और प्रत्येक हितकारी कर्मों में स्वतंत्र। आज आवश्यकता है कि हम जनहित और लोकहित के कार्यों को प्राथमिकता दें। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. आर्य ने कहा कि व्यंग्यात्मक उदाहरण देते हुए कहा कि हम अपने घर को तो साफ रखते हैं, पर सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता को अक्सर नज़रअंदाज़ कर देते हैं, यह प्रवृत्ति बदलनी होगी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में वैदिक यज्ञ का आयोजन हुआ।

आचार्य अंकित आर्य ने वेद मंत्रों का पाठ किया, जिससे वातावरण वैदिक स्वर





और शांति से भर गया। कार्यक्रम में रवि आर्य ने अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जारी किए गए 200 एवं 150 मूल्य के स्मृति सिक्के, जो भारत सरकार की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, श्रद्धालुओं को स्मृति के रूप में प्राप्त करने चाहिए ।यह आर्य परंपरा के प्रति सम्मान का प्रतीक होगा।

आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में वैदिक आदर्शों और मानवीय एकता को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में प्रकाश कुमार डॉनोडे, जवाहर लाल, यतीन्द्र पुरंग, धीरज शास्त्री, उत्तम आरदा, केआर राजी, सीमा कठाले, रश्मि डहारे, शकुन्तला द्विवेदी, अंजू गुप्ता, ज्योति पुरंग सहित अन्य मौजूद थे।

मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना

# 67 नवप्रवेशी बालिकाओं को साइकिल वितरित



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री सरस्वती निःशुल्क सायकल योजना के तहत दुर्ग के शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, दीपक नगर में 9वीं कक्षा की नवप्रवेशी 67 छात्राओं को सायकल वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम की धुन पर हुआ। जिसे विद्यालय की छात्रा गोपिका निर्मलकर ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य शेफाली सोनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजना छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का माध्यम बन रही है।

इस अवसर पर सुनील सिंह, आभा व्यास, मृणाली पात्रेकर सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। श्री यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना प्रदेश सरकार की एक जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 70 लाख रुपये के निर्माण कार्य तथा होम शेड निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि छात्राओं को सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। महापौर अलका बाघमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, पार्षद मनोज सोनी, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, मनीष कोठारी, भाजपा पदाधिकारी शिवेंद्र परिहार, विनोद अरोरा, मंडल अध्यक्ष हरीश चौहान, मीना सिंह, अनूप गटागट, अरविन्दर सिंह खुराना सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समाज इवेंट

# शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर लगाई प्रदर्शनी, उठाया आनंद मेला का लुत्फ



**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उरला में शुक्रवार को बाल दिवस पर प्राथमिक शाला की ओर से एफएनएन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों का प्रदर्शन एक मेले के रूप में किया गया। साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों के द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपने व्यावसायिक योग्यता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की खाद्य पदार्थों का विक्रय किया। इस मेले में साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरीश साहू, उपाध्यक्ष मधु यादव और समस्त सदस्य शामिल हुए। इस मेले में पालको के साथ ही साथ विशेष रूप से महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को सार्थक बनाने के लिये स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया मोरिद शाखा की ओर से अमर साहू, समाजसेवी राम कुमार साहू, छन्नू लाल बंजारे ने बच्चों को उपहार देकर उनको प्रोत्साहित किया।

- शैक्षणिक गतिविधियों का एक मेले के रूप में किया गया प्रदर्शन
- खाद्य पदार्थों का किया गया विक्रय

इंजीनियरों के लिए बीएसपी में एंट्री के लिए बड़ी ऑपर्च्यूनिटी, बेरोजगारों को अवसर

# सेल ने 2018 के बाद पहली बार निकाली एमटीटी के 124 पदों पर भर्तियां, 5 दिसंबर तक जमा लिए जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** देश के महारत्नों में शूमार सेल ने इंजीनियरों को नौकरी पर रखने का बड़ा फैसला लिया है। 2018 के बाद यह पहला मौका है जब एमटीटी (तकनीकी प्रबंधन प्रशिक्षुओं) की वैकेंसी निकाली गई है। बता दें कि सेल सार्वजनिक क्षेत्र में देश का एक प्रमुख इस्पात निर्माता है, जिसका कुल कारोबार 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। सेल, भारत भर में अपने संयंत्रों, इकाइयों और खदानों में महत्वपूर्ण अग्रिम पंक्ति के पदों पर नियुक्ति के लिए, युवा, ऊर्जावान, परिणाम-उन्मुख और होनहार प्रतिभाओं से ई1 ग्रेड में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। सेल ई-1 ग्रेड में प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) के रूप में युवा, ऊर्जावान, परिणाम-उन्मुख और क्षमतावान प्रतिभाओं के लिए वैकेंसी निकाला है। इंजीनियरिंग के कुल 124 पदों पर वैकेंसी निकाली गई है। इसमें कैमिकल इंजीनियरिंग के 5, सिविल के 14, कंप्यूटर के 4, इलेक्ट्रिक्ल के 44, इंस्ट्रूमेंट के 7, मैकेनिकल के 30, मेटलर्जी के 20 पद शामिल हैं। हालांकि पदों की संख्या में संगठनात्मक आवश्यकताओं के आधार पर भिन्नता हो सकती है। इस वैकेंसी में 35 पद अनारक्षित है। वहीं एनसीएल के 31 और एससी कोटे के लिए 22 और एसटी कोटे के 18 पद, जबकि इडब्ल्यूएस के 18 आरक्षित हैं।



## हर बार में एक से दो साल में भर्तियां, इस बार लंबा इंतजार

बता दें कि यह नियुक्तियां हर बार एस से दो साल में की जाती थी, इस बार इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ा है। बीएसपी के वे कर्मचारी जिन्होंने ड्यूटी ज्वाइनिंग के बाद टेक्निकल और प्रोफेशनल्स कोर्स में ग्रेजुएट किया है। सेल प्रबंधन अब उन्हें ई जीरो की तर्ज पर अफसर बनाने की योजना भी तैयार की गई है। भर्ती के लिए फंड के साथ लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। एमटीटी के पदों के लिए सेल प्रबंधन को विज्ञापन प्रकाशित करवाना पड़ता है। इसके बाद लिखित और इंटरव्यू की प्रक्रिया होती है। प्रक्रिया लंबी होने के साथ-साथ कंपनी के सीनियर अफसरों की टीम इस काम में एंगेज रहती है। इतना ही नहीं इंजीनिरिंग के पात्र लोगों को इस एग्जाम का लंबे समय से इंतजार था, जो अब पूरा हो रहा है।

## क्रीमी लेयर के लोगों को नहीं मिलेगी पात्रता

जानकारी के मुताबिक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवार जो क्रीमी लेयर से संबंधित हैं, वे आरक्षण के पात्र नहीं हैं। ऐसे उम्मीदवार को अपनी श्रेणी सामान्य बतानी होगी। आरक्षित उम्मीदवारों को जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस को आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से बनवाकर देना होगा। दिव्यांग जन के लिए, सभी इंजीनियरिंग विषयों के लिए सात पद क्षैतिज आधार पर आरक्षित हैं। पात्रता मानदंड में अधिकतम आयु सीमा 5 दिसंबर 2025 को 28 वर्ष, अर्थात जिनका जन्म 5 दिसंबर 1997 से पहले नहीं हुआ हो। न्यूनतम योग्यता कैमिकल, सिविल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, मैकेनिकल और मेटलर्जी के सात इंजीनियरिंग विषयों में से किसी में भी 65% अंकों के साथ इंजीनियरिंग में डिग्री चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित टेस्ट के आधार पर होगा। जो जनवरी या फरवरी 2026 में संभावित है। ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभागियों का जीडी और साक्षात्कार भी लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार सेल की वेबसाइट पर सेल करियर में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# फिल्टर प्लांट में लगाए गए कैमरे, सुरक्षा गार्ड की तैनाती, आज पहुंचेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

एक दिन पहले नलघर स्थित 11 एमएलडी फिल्टर प्लांट के संपवेल में मिले शव के बाद शुक्रवार को आनन-फानन में सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। तत्काल 9 कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा 11 और 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में रात के समय सुरक्षा गार्ड की तैनाती कर दी गई है। सब इंजीनियर विनोद मांझी की लापरवाही मानते हुए उसे जलकार्य विभाग से हटा दिया गया है। उनकी जगह मोहित मरकाम को दोबारा से जिम्मेदारी दी गई है। इतना ही नहीं शुक्रवार को हुई महापौर परिषद की बैठक में फिल्टर प्लांट में ऊंची बाउंड्रीवाल निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई। 24 एमएलडी में पहले ही बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार ने मामले को लेकर गंभीरता से लेते हुए बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही दोबारा सामने नहीं आनी चाहिए। पानी को साफ कर जल्द से जल्द आपूर्ति की जाए। बता दें कि उक्त संपवेल से पचरीपारा, मोतीपारा, शिक्षक नगर में करीब 5 हजार घरों में पानी की सप्लाई की जा रही है। घटना के बाद से पानी सप्लाई रोक दी गई है। शुक्रवार को पूरे दिन फिल्टर प्लांट में सफाई की गई। इधर महापौर परिषद की बैठक में 6 अन्य एजेंडों को स्वीकृति प्रदान की गई।

## महापौर परिषद की बैठक में फिल्टर प्लांट में बाउंड्रीवाल के लिए प्रस्ताव पारित

### इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का हस्तांतरण

डीएमएफ से निर्मित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट को उपयोग हेतु संबंधित विभाग को सौंपने के प्रस्ताव पर भी सहमति दी गई। एमआईसी ने इसे औपचारिक रूप से हस्तांतरित करने का निर्णय लिया। लोक कर्म विभाग तथा 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत वार्ड 29 हॉस्पिटल वार्ड, बस स्टैंड क्षेत्र में डामरीकरण कार्य का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे एमआईसी ने सर्वसम्मति से पारित किया। वार्ड 44 में लगातार मिल रही पेयजल शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कार्य स्थल में परिवर्तन कर नए पाइपलाइन विस्तार कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई।



### बघेरा से गया नगर तक पाइपलाइन का होगा विस्तार

बैठक में 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत निगम पाइपलाइन को बघेरा से गया नगर तक विस्तारित करने के प्रस्ताव को भी एमआईसी ने मंजूरी दी। बैठक में नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, लीलाधर पाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन,उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, गिरीश दीवान, विनीता वर्मा, आर.के. जैन, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थावनी सहित अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेसी पार्षदों ने खोला मोर्चा महापौर से की शिकायत

इस मामले को लेकर शुक्रवार को कांग्रेसी पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले के नेतृत्व में महापौर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घटना को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि जलकार्य विभाग में लंबे समय से भर्राशाही मची हुई है। सुबह के समय ठेकेदारों का अड्डा बना हुआ है। रात में नशाखोरी और संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं। लगातार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण यह घटना हुई। ज्ञापन सौंपने वालों में विजयंत पटेल, रेखा बंजारे, मनीषा सोनी, दीपक साहू, प्रेमलता साहू, प्रकाश जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

# गजेंद्र ने कहा-बिहार में मोदी पर जताया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत पर शिक्षा, ग्रामोद्योग और विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने जनता, केंद्रीय नेतृत्व, विजयी प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नतीजे साफ बताते हैं कि लोगों का भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति और नेतृत्व पर पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। गौरतलब हो कि मंत्री गजेन्द्र यादव इस चुनाव में छपरा और बनियापुर विधानसभा के प्रभारी थे। दोनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत के बाद गजेन्द्र यादव ने कहा कि यह मेहनत और जनसंपर्क का परिणाम है। चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने लगातार पंद्रह दिन गांवों में जनसंपर्क किया, बैठकों में हिस्सा लिया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि छपरा की प्रत्याशी छोटी कुमारी और बनियापुर के प्रत्याशी केदारनाथ सिंह को जनता ने बड़े समर्थन से जिताया।

यादव ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार बनने के बाद सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़े काम और तेजी से आगे बढ़ेंगे। उनका दावा है कि विकास की रफ्तार अब पहले से ज्यादा दिखेगी और हर वर्ग को इसका फायदा मिलेगा।

# पाटन में ग्रामीण फाइनेंस कंपनियों के जाल में फंसे, जांच अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



पाटन में फाइनेंस कंपनियों का जाल फैल हुआ है। भोले भाले ग्रामीणों को लोन का झांसा देकर वसूली के दौरान लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके चलते पाटन निवासी अमित कुमार मरकाम उर्फ बन्नू ने अपने मकान में फांसी लगा ली थी। अमित ने एक सुसायल नोट भी छोड़ा था। नोट में ब्याज और कंपनी के द्वारा प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने की बातें उल्लेख थी। परिजनों के मुताबिक मृतक अमित ने भारत फाइनेस, फिनोवा फायनेंस,नौब फाइनेंस जैसी कंपनियों से करीब कुल 3-4 लाख रुपए लोन लिया था। कंपनियों द्वारा ग्रामीण और आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं को लालच देकर आसानी से लोन देती है। यह लोन ग्रुप में दिया जाता है, वसूली साप्ताहिक या फिर मासिक एजेटों द्वारा वसूली करने घर पहुंचते है। किसी कारण से किस्त नहीं पटा पाता तो उक्त कंपनियों के एजेंट दबंगई दिखाकर प्रताड़ित किया करते है। इन कंपनियों पर जिला व पुलिस प्रशासन का मानों संरक्षण होता है। तभी तो कई बार लोन लेने वाले की मौत या फिर आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाने के बाद भी कंपनी के एजेंट वसूली करना नहीं छोड़ते है। खबर यहां तक है कि अमित के आत्महत्या करने के बाद उक्त फाइनेस कंपनी के अफसर लोन पूरा पटाने को लेकर दबाव भी बनाया करते है।

### महिलाएं भी मानसिक उत्पीड़न का हो रही शिकार

फाइनेंस कंपनियों के एजेंटो की पहुंच गांव-गांव तक महिलाओं को छोटे-छोटे लोन दिया करती हैं। महिलाओं से ब्याज समेत भारी भरकम रकम की वसूली की जाती है। कई बार महिलाएं भी मानसिक उत्पीड़न की शिकार हो जाती है। किस्त समय पर नहीं मिलने से कंपनी के एजेंट धमकी दिया करते है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि कंपनी के कर्मियों लोन के कारण ने लगातार तगादा और धमकी दी। जिससे अमित टूट गया और आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाया है। कंपनी के कर्मियों, अफसरों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### जानकारी ली जा रही है

फाइनेंस कंपनियों का डाटा खंगाला जा रहा है। इसका रजिट्रेशन है या नहीं पतासाजी की जा रही है। फिलहाल मामला जांच में है। जांच जो भी तथ्य सामने आएगें उसी आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। **-अनूप लकड़ा,** एसडीओपी पाटन

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला ने नेहरू जयंती पर उनके योगदान को किया याद



**भिलाई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर द्वारा नेहरू भवन सुपेला में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की 118 वी जयंती पर नेहरू भवन सुपेला में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भिलाई के निर्माण में उनके योगदान को याद कर उनके जन्मदिन पर चाकलेट वितरण कर खुशी मनाई।

भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर राज्य के पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी सेवा दल के प्रदेश महामंत्री जगदीश राम साहू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप उपस्थित रहे। मुकेश चंद्राकर ने जवाहर लाल नेहरू जी के सपनो का भारत का उल्लेख करते हुए कहा की 14 नवंबर बाल दिवस के रूप में चाचा नेहरू के जन्मदिन मनाई जाती है। भारत के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना किसी ने की है बीडी कुरैशी ने कहा कि आज जो देश में आधुनिक निर्माण के कार्य हों देश की संविधान निर्माण कार्य हो सभी कार्यों में उनका योगदान बीएसपी की स्थापना उन्हीं की देन है। कार्यक्रम में आदित्य सिंह, केशव चौबे, लालचंद वर्मा आदि मौजूद थे।

## ब्लास्ट फर्नेस में सुरक्षा सप्ताह हुआ शुरू

**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग द्वारा 18 नवंबर तक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह को मुख्य महाप्रबंधक महाप्रबंधक एसके अग्रवाल ने शुरु किया। वरिष्ठ अधिकारी महाप्रबंधक गुजू श्रीनिवास, शान्तनु मित्रा, एन मधू, एके पासवान, तथा आर प्रवीण आदि अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यालय सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। धमन भट्टी 8 के कंट्रोल रूम में महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सप्ताह सुरक्षा संबंधी विविध गतिविधियां की प्रतियोगिता होगी। महिला सुरक्षा सत्र की अध्यक्षता चिकित्सा एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र की चिकित्सक डॉ. उषा ने की। इस अवसर पर सुरक्षा अधिकारी फिलोमिना इक्का, वासला व इंद्रजीत कौर भी उपस्थित थीं।

## रक्षा टीम ने बाल सुरक्षा पर किया जागरूक

**भिलाई।** पुलिस की रक्षा टीम ने बाल सुरक्षा जागरुकरता अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को साइबर डिजिटल अरेस्टिंग की जानकारी दिया। इसके अलावा पाक्सो एक्ट से जुड़ी जानकारी देकर जागरुक किया गया। उप निरीक्षक संगीता मिश्रा द्वारा छात्र छात्राओं को आवश्यक इमरजेंसी नंबर 112, 9479192099 की जानकारी दी। अपनी निजी जानकारी अनजान व्यक्तियों से शेयर नहीं करने और सोशल मीडिया का सेफ्टी फीचर के साथ उपयोग करने की सलाह दी। 1930 इमरजेंसी नम्बर के बारे में भी अहम जानकारी देकर उन्हें जागरुक किया गया। मोबाइल पर महत्वपूर्ण नम्बर को सुरक्षित रखने की भी सलाह दी गई। अपनी निजी जानकारी किसी से शेयर ना करने एवं इमरजेंसी नंबरों की जानकारी के साथ-साथ डिजिटल अरेस्टिंग, साइबर फ्रॉड के बारे में भी बताया गया।

